VIKAS SAMVAD

आवेदन आमंत्रित

बाल अधिकारों पर शोध पत्र

2023-24

- जीवन का अधिकार
- विकास का अधिकार
- संरक्षण का अधिकार
- सहभागिता का अधिकार

बच्चों के अधिकारों और उनकी परिस्थितियों पर चर्चा होना बेहद महत्वपूर्ण है। इन अधिकारों की चर्चा कम ही होती है... होती भी है तो तब जब कोई घटना होती है या सामाजिक- नागरिक संगठनों द्वारा इन मुद्दों को सामने लाया जाता है। पर, बच्चों की दुनिया को बेहतर करने के लिए ऐसे विषयों को सामने लाया जाना जरूरी है।

वास्तविक, तथ्यात्मक और साक्ष्य आधारित परिस्थितियां सामने लाने के लिए विकास संवाद बाल अधिकार और उससे जुड़े विषयों पर लघु शोध पत्र लिखने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह इस पहल का दूसरा वर्ष है। इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ता, शोधकर्ता, पत्रकार और बच्चों के अधिकारों के प्रति सतत् काम कर रहे व्यक्तियों द्वारा आवेदन किए जा सकते हैं।

विकास संवाद...

विकास संवाद एक शोध, दस्तावेजीकरण, और प्रशिक्षण संस्था के रूप में कार्यरत है। हम समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर नए आंकड़ों, तथ्यों, और दृष्टिकोणों के साथ संवाद करते हैं, ताकि बेहतर नीतियां बनाई जा सकें, उनका क्रियान्वयन किया जा सके, और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

ए-5, आयकर कालोनी, जी-3,
गुलमोहर कालोनी, भोपाल, मध्यप्रदेश
- 462039 07554252789

चयन समिति सदस्य

- सुश्री इंदु सारस्वत
- श्री गुरुशरण सचदेव
- श्री मनोज निगम

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
राकेश कुमार मालवीय: 9977958934
पिंकी वर्मा: 97114 19962

प्रक्रिया एवं नियम

- शोध पत्र के लिए चयन विशेषज्ञों की एक समिति करेगी।
- शोध पत्र 2000 से 2500 शब्द सीमा में होगा।
- भाषा हिंदी या अंग्रेजी हो सकती है।
- नवीन जानकारियां, तथ्य, नजरिया सामने लाना होगा।
- शोधकर्ता को 15,000 रुपए का मानदेय शोध पत्र पूर्ण होने पर ज्यूरी के अनुमोदन के बाद दिया जाएगा।
- शोध के लिए केवल चयनित आवेदकों से संपर्क किया जाएगा।
- विकास संवाद इन शोधपत्रों का उपयोग शोधकर्ता की क्रेडिट लाइन के साथ प्रकाशन के लिए कर सकेगा।
- शोधकर्ता विकास संवाद रणनीतिक संचार केंद्र में मौजूद संदर्भ सामग्री और दस्तावेजों का उपयोग कर सकेंगे।
- मध्यप्रदेश में निवास करने वाले लोग आवेदन कर सकते हैं।
- माननीय चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
- पहले वर्ष के शोधकर्ता साथी इस वर्ष भाग नहीं ले सकेंगे।

आवेदन की अंतिम तिथि

30 नवम्बर 2023

आवेदन के लिए लिंक:
https://forms.gle/QQB9nvNvpSveJCuT6

इस कोड को स्कैन करके भी फार्म भरा जा सकता है।